# -:प्रेस नोट:-

**दिनांक- 07.07.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बिसंडा पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के आभूषण, मोबाइल फोन व अवैध तमंचा सहित 8900 रुपए नगदी बरामद।**

**विवरण-** पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व क्षेत्राधिकारी बबेरू श्री कृष्णकांत त्रिपाठी के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 06/07.07.2026 की रात्रि को थाना बिसंडा पुलिस द्वारा चोरी करने वाले दो अभियुक्तों को चोरी के सामान साथ गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना बिसंडा क्षेत्र के ओरन के रहने वाले रमाशंकर पुत्र देशराज ने दिनांक 15.08.2025 को व थाना बिसंडा क्षेत्र की रावथोक ओरन की रहने वाली श्रीमती रानी पत्नी हरी नारायण ने दिनांक 04.07.2026 को अपने घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना बिसंडा पर तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। इसी क्रम में थाना बिसंडा पुलिस द्वारा अभियुक्तों की पहचान करते हुए मुखबिर की सूचना पर 02 अभियुक्तों को ग्राम बाघा गल्ला मण्डी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी के आभूषण, मोबाइल फोन व अवैध तमंचा सहित 8900 रुपए नगदी बरामद किया गया।

**बरामदगी-**

- एक अंगूठी(पीली धातु)
- एक जोडी झुमकी (पीली धातु)
- एक चैन (पीली धातु)
- एक मंगलसूत्र (पीली धातु)
- एक बेसर (पीली धातु)
- एक नाक की कील (पीली धातु)
- एक बिस्किट (सफ़ेद धातु)
- 02 एंड्रॉयड मोबाइल फोन
- 01 तमंचा 315 बोर
- 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
- 8900 रुपए नगद

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. माताप्रसाद उर्फ भैरम पुत्र चुन्नु निवासी देशराज का पुरवा मजरा ओरन थाना बिसंडा जनपद बांदा।
2. सुमेर पुत्र भईयालाल निवासी देशराज का पुरवा मजरा ओरन थाना बिसंडा जनपद बांदा।

**<u>पंजीकृत अभियोग-</u>**

- मु0अ0सं0- 339/25 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 316/26 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस थाना बिसंडा जनपद बांदा।
- मु0अ0सं0- 323/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना बिसंडा जनपद बांदा।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-**

1. श्री चन्द्रप्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष बिसंडा
2. उ0नि0 श्री बुद्धीसागर चौकी प्रभारी ओरन
3. उ0नि0 श्री अनुराग पाण्डेय
4. कां0 गगनदीप
5. कां0 रितिक राय
6. कां0 भुपेन्द्र सिंह
7. कां0 आदर्श सिंह
8. कां0 अनिल पटेल